gradeup

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द:-

भाषा में कई शब्दों के स्थान पर एक शब्द बोल कर हम भाषा को **प्रभावशाली एवं आकर्षक** बनाते है। जैसे - **सामर्थ्य रखने वाले व्यक्ति को सामर्थ्यवान कह सकते हैं** तथा गुणों से धनी **व्यक्ति को गुणवान कहा जा सकता है** राम बहुत सुन्दर कहानी लिखता है। अनेक शब्दों के स्थान पर हम एक ही शब्द **'कहानीकार'** का प्रयोग कर सकते है । इसी प्रकार ,अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कर सकते है। यहां पर अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के कुछ उदाहरण दिए जा रहे है : -

1. अभिनय करने वाला पुरुष- (अभिनेता)
2. इन्द्रियों को जीतनेवाला- (जितेन्द्रिय)
3. इन्द्रियों की पहुँच से बाहर- (अतीन्द्रिय)
4. अत्यधिक वृष्टि- (अतिवृष्टि)
5. अपने बल पर निर्भर रहने वाला- (स्वावलम्बी)
6. अचानक हो जाने वाला- (आकस्मिक)
7. ईश्वर या स्वर्ग का खजाँची- (कुबेर))
8. आदि से अन्त तक- (आद्योपान्त)
9. इंद्रियों पर किया जानेवाला वश- (इंद्रियाविग्रह)
10. इतिहास को जानने वाला- (इतिहासज्ञ)
11. ऊपर कहा हुआ- (उपर्युक्त)
12. आया हुआ- (आगत)
13. अवश्य होनेवाला- (अवश्यम्भावी)
14. इतिहास से सम्बन्ध रखने वाला- (ऐतिहासिक)
15. आवश्यकता से अधिक वर्षा- (अतिवृष्टि)
16. ऊपर लिखा गया- (उपरिलिखित)
17. अभिनय करने योग्य- (अभिनेय)
18. अधिकार या कब्जे में आया हुआ- (अधिकृत)
19. इस लोक से सम्बन्धित- (ऐहिक)
20. ऐसा तर्क जो देखने पर ठीक प्रतीत होता हो, किन्तु वैसा न हो- (तर्काभास)
21. उतरती युवावस्था का- (अधेर)
22. इंद्रियों से संबंधित- (ऐंद्रिक)
23. इस लोक से संबंध रखनेवाला- (ऐहलौकिक)
24. उसी समय का- (तत्कालीन)
25. ऐसा जो अंदर से खाली हो- (खोखला)
26. एक व्यक्ति द्वारा चलायी जाने वाली शासन प्रणाली- (तानाशाही)
27. एक राजनीतिक दल को छोड़कर दूसरे दल में शामिल होने वाला- (दलबदलू)
28. ऊपर की ओर बढ़ती हुई साँस- (उर्ध्वश्वास)
29. उपचार या ऊपरी दिखावे के रूप में होने वाला- (औपचारिक)
30. इन्द्रियों को वश में करने वाला- (इन्द्रियजित)
31. उत्तर दिशा- (उदीची)
32. किसी काम में दखल देना- (हस्तक्षेप)
33. उच्च वर्ण के पुरुष के साथ निम्न वर्ण की स्त्री का विवाह- (अनुलोम विवाह)

34. ईश्वर में विश्वास रखने वाला- (आस्तिक)
35. आगे का विचार करने वाला- (अग्रसोची)
36. आढ़त का व्यापर करने वाला- (आढ़तिया)
37. ऊपर आने वाला श्वास- (उच्छवास)
38. ऊपर की ओर जानेवाला-(उर्ध्वगामी)
39. एक देश से माल दूसरे देश में जाने की क्रिया- (निर्यात)
40. ऐतिहासिक युग के पूर्व का- (प्रागैतिहासिक)
41. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश- (न्यायमूर्ति)
42. उपकार के प्रति किया गया उपकार- (प्रत्युपकार)
43. कुबेर का विमान- (पुष्पक)
44. कमल के समान गहरा लाल रंग- (शोण)
45. काला पीला मिला रंग- (कपिश)
46. इतिहास से संबंधित- (ऐतिहासिक)
47. ऊपर कहा हुआ- (उपर्युक्त)
48. किसी चीज या बात की इच्छा रखनेवाला- (इच्छुक)